Alberta

प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर-माध्यमिक (पोस्ट-सेकंडरी) शिक्षा को और अधिक अफॉर्डेबल बनाना

16 फरवरी, 2023

अल्बर्टा सरकार अफॉर्डेबिलिटी में सुधार लाने, मंहगाई का समाधान करने और अल्बर्टा के उत्तर- माध्यमिक (पोस्ट-सेकंडरी) छात्रों के लिए ट्यूशन को अधिक स्थिर और अनुमान योग्य बनाने के लिए कार्रवाई कर रही है।

अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था में बहुत अधिक सुधार हुआ है लेकिन छात्रों को जीवन-यापन की लागत में हुई बढ़ोतरी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उत्तर-माध्यमिक शिक्षा सभी अल्बर्टा वासियों के लिए पहुंच-योग्य और अफॉर्डेबल बनी रहती है। इसी वजह से एडवांस एजुकेशन द्वारा उत्तर-माध्यमिक छात्रों को नई, लक्षित अफॉर्डेबिलिटी सपोर्ट प्रदान की जा रही है।

बजट 2023 के एक भाग के तौर पर सरकार निम्नलिखित कदमों के माध्यम से उत्तर-माध्यमिक छात्रों की अफॉर्डेबिलिटी में सुधार लाने की योजना रखती है:

- 2024-25 में और आगामी अकादमिक वर्षों के लिए किसी संस्थान में घरेलू ट्यूशन शुल्क की अधिकतम वृद्धि को दो प्रतिशत तक सीमित करके।
- छात्रों के लिए ऋण (स्टूडेंट लोन) पर ब्याज दरों को प्राइम रेट तक कम करके, जिससे अल्बर्टा के मौजूदा और भविष्य में ऋण लेने वालों सभी छात्रों के लिए ऋण लेने की लागत को कम करने में मदद मिलेगी।

- छात्र ऋण चुकाने की चिंता के बिना, छात्रों द्वारा लाभकारी रोज़गार खोजने के लिए उनको अधिक समय देने के लिए छात्र-ऋण ब्याज-मुक्त अनुग्रह अवधि को 6 माह से बढ़ाकर 12 माह यानी दुगुना करना।
- रिपेमेंट सहायता योजना की सीमा को $25,000 से बढ़ाकर $40,000 करना, ताकि अधिक से अधिक छात्र प्रोग्राम से लाभ प्राप्त कर सकें।

इसके अलावा, अल्बर्टा सरकार 2022-23 ऋण-वर्ष के दौरान प्रत्येक पात्र छात्र के लिए अल्बर्टा स्टूडेंट ग्रांट को $225 तक प्रति माह बढ़ाने के लिए अतिरिक्त फंड प्रदान कर रही है।

"अधिक मंहगाई के कारण उत्तर-माध्यमिक छात्रों सहित सभी अल्बर्टा वासियों के लिए जीवन-यापन अधिक मंहगा साबित हो रहा है। आज घोषित नए उपायों से सभी छात्रों को इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान मंहगाई का सामना करने में मदद मिलेगी।"

डेमेट्रियोस निकोलेडेस, मिनिस्टर ऑफ एडवांस एजुकेशन

अल्बर्टा सरकार ने हाल ही में महत्वपूर्ण व्यापक-आधार वाले और लक्षित सपोर्ट के साथ कनाडा में सबसे बड़ा महंगाई राहत पैकेज प्रदान किया है। आज की कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जा सका है कि उत्तर-माध्यमिक छात्रों को भी लक्षित अफॉर्डेबिलिटी सपोर्ट प्राप्त होती है।

"छात्रों के लिए ये नए अफॉर्डेबिलिटी उपाय हमारी अफॉर्डेबिलिटी कार्य योजना में एक अहम इजाफा हैं, और छात्रों के लिए और अल्बर्टा को अफॉर्डेबल बनाए रखने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।"

मैट जोन्स, मिनिस्टर ऑफ अफॉर्डिबिलिटी एण्ड यूटीलीटीज़

निम्न आय वाले 10,000 से अधिक छात्र इस फंडिंग प्राप्त करते हैं। अल्बर्टा स्टूडेंट ग्रांट के लिए फंडिंग को बढ़ाने का मतलब है कि पात्र छात्रों को अब प्रति माह कुल $475 तक की राशि प्राप्त होगी।

प्रति माह यह अतिरिक्त फंडिंग पूर्वव्यापी (रेट्रोएक्टिव) होगी, जिसका मतलब है कि छात्रों को 2022-23 अकादमिक वर्ष की शुरुआत से लागू $225 प्रति माह की अतिरिक्त राशि एक मुश्त प्रदान की जाएगी। अल्बर्टा स्टूडेंट ग्रांट से यह अतिरिक्त फंडिंग पाने वाले छात्रों को मार्च में अल्बर्टा स्टूडेंट एड द्वारा सूचित किया जाएगा। उन्हें इस दौरान स्टूडेंट एड से अतिरिक्त फंडिंग भी प्राप्त होगी।

"आज की घोषणा अफॉर्डेबिलिटी को लेकर छात्र नेताओं की ओर से लंबे समय से किए जा रहे अनुरोधों को लागू करने को दर्शाती है। अल्बर्टा के छात्रों की तरफ से, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रयासों को देखकर बेहद खुशी हो रही है कि उत्तर-माध्यमिक शिक्षा सभी के लिए अधिक पहुंच योग्य और अफॉर्डेबल होती है।"

सामंथा स्कॉट, काउंसेल ऑफ अल्बर्टास यूनिवर्सिटी स्टुडेंट्स (CAUS), चेयर

"छात्र उत्तर-माध्यमिक शिक्षा में भाग लेने की बढ़ती लागत से संघर्ष कर रहे हैं। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि छात्रों की बातों को सुना जा रहा है और अफॉर्डेबिलिटी पर ध्यान देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।"

जन्मेजय राव, अल्बर्टा ग्रेजुएट प्रॉविंशियल एडवोकेसी काउंसिल (AbGPAC), को-चेयर

अल्बर्टा सरकार उत्तर-माध्यमिक शिक्षा को सुनिश्चित रूप से पहुंच योग्य और अफॉर्डेबल बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इन कदमों से महंगाई के असर को कम किया जा सकेगा जिससे उत्तर-माध्यमिक छात्र अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे और बिलों के भुगतान की उनकी चिंता कम हो सकेगी। इनसे छात्र- ऋण उधारकर्ताओं के लिए अपना ऋण का भुगतान करना और भविष्य में कार्यबल में प्रभावी रूप से शामिल होना भी आसान हो सकेगा।

संबंधित जानकारी

[अल्बर्टा 2030: जॉब्स के लिए कौशल सृजन]

मीडिया पूछताछ

सैम ब्लैकेट

Sam.Blackett@gov.ab.ca

587-589-6048

प्रेस सचिव, उच्चतर शिक्षा